e-mail

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
## (भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या : 01/भू०अ०नि० (11) क्षे०आ० (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)–02/2021 2410 पटना, दिनांक : 13-08-2021

## आदेश

निदेशालय ज्ञापांक– 1918 दिनांक 14.07.2021 द्वारा श्री जितेन्द्र पासवान (Emp. ID - SSA05053), नव नियोजित संविदा अमीन (अमानत/सर्वेयर) से दिनांक 09.04.2021 को राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण के आयोजित जाँच परीक्षा में अनुपस्थित रहने के कारण इनसे स्पष्टीकरण की मांग तीन दिनों में की गई है।

श्री जितेन्द्र पासवान द्वारा अपना स्पष्टीकरण का उत्तर निर्धारित तिथि तक समर्पित नहीं किया गया है। निदेशालय ज्ञापांक– 2145 दिनांक 29.07.2021 द्वारा श्री पासवान से तीन दिनों के अन्दर पुनः स्पष्टीकरण समर्पित हेतु सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, भोजपुर (आरा) के माध्यम से की गई है, जिसकी प्रति इन्हें भी दी गई है।

उपरोक्त स्पष्ट आदेश के बावजूद इनके द्वारा स्पष्टीकरण आज दिनांक 11.08.2021 तक कार्यालय को अप्राप्त है, जो इनके वरीय पदाधिकारियों के आदेश की अवहेलना तथा मनमानापन को दर्शाता है।

इनके इस प्रकार की आचरणहीनता तथा मनमानापन का प्रभाव अन्य कर्मियों पर न पड़े। अतः प्रशासनिक दृष्टिकोण से श्री जितेन्द्र पासवान (Emp. ID - SSA05053), नव नियोजित संविदा अमीन (अमानत/सर्वेयर) का संविदा नियोजन आदेश निर्गत की तिथि से समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 13/8/21
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू०अ०नि० (11) क्षे०आ० (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)–02/2021 2410 पटना, दिनांक : 13-08-2021

**प्रतिलिपि** :– श्री जितेन्द्र पासवान (Emp. ID - SSA05053) को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू०अ०नि० (11) क्षे०आ० (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)–02/2021 2410 पटना, दिनांक : 13-08-2021

**प्रतिलिपि**:– सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, भोजपुर (आरा) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू०अ०नि० (11) क्षे०आ० (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)–02/2021 2410 पटना, दिनांक : 13-08-2021

**प्रतिलिपि**:– अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू०अ०नि० (11) क्षे०आ० (विविध) प्रशिक्षण (परीक्षाफल)–02/2021 2410 पटना, दिनांक : 13-08-2021

**प्रतिलिपि**:– सुश्री सुरभि सिंह, डाटा एनालिस्ट, भू–अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 13/8/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप